सं.14013/10/2017-यूटीपी
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
****

वर्ष 2021-22 के दौरान कुल बजट आबंटन और दिल्ली पुलिस की योजनाओं का विवरण

वर्ष 2021-22 के दौरान दिल्ली पुलिस के लिए कुल बजट आबंटन: 8654.26 करोड़ रुपए

आज की तिथि के अनुसार, दिल्ली पुलिस के संबंध में यूटी प्रभाग द्वारा निम्नलिखित दो योजनाओं को प्रशासित किया जा रहा हैः

क. पुलिस अवसंरचना

- क. दिल्ली पुलिस बिल्डिंग कार्यक्रम और
- ख. सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) परियोजना।

ख. 'निर्भया निधि' से वित्त पोषित महिलाओं की सुरक्षा संबंधी योजना।

क) पुलिस अवसंरचना

क. दिल्ली पुलिस बिल्डिंग कार्यक्रम: दिल्ली पुलिस बिल्डिंग कार्यक्रम अपने घटकों अर्थात् भूमि, आवासीय भवन, कार्यलय भवन और असाधारण मरम्मत का उद्देश्य नए पुलिस थानों/पुलिस चौकियों/कार्यालय भवनों आदि का निर्माण कर दिल्ली पुलिस कार्मिकों के लिए आवासीय संतुष्ट स्तर को बढ़ाने के साथ-साथ पुलिस कार्मिकों को अच्छा वातावरण प्रदान करना है। इस योजना में निम्नलिखित दो उप-योजनाएं शामिल हैं।

i. कार्यालय भवनः इस उप-शीर्ष के तहत बजट अनुमान 2021-22 में 175.00 करोड़ रुपये की राशि आबंटित की गई है।

ii. आवासीय भवनः इस उप-शीर्ष के तहत बजट अनुमान 2021-22 में 52.00 करोड़ रुपये की राशि आबंटित की गई है।

ख) सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) परियोजना:- पीपीपी मोड के तहत जय सिंह रोड पर 'नए पुलिस मुख्यालय का निर्माण' आंरभ किया गया है। बजट अनुमान 2021-22 में 79.00 करोड़ रुपये की राशि आबंटित की गई है। चूंकि पुलिस मुख्यालय के लिए एक समर्पित भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, अतः इस परियोजना का विकास पीपीपी मोड के तहत करने का निर्णय लिया गया था। नए पुलिस मुख्यालय का उद्घाटन दिनांक 31.010.2019 को किया गया। जय सिंह रोड स्थित दिल्ली पुलिस का मुख्यालय 8.092 एकड़ भूमि पर बना हुआ है जो अत्याधुनिक ट्विन टॉवर 17 मंजिला भवन है और भूमिगत पार्किंग/बेसमेंट्स सहित आधुनिक सुविधाओं से लैस है। शहर के बीचों-बीच स्थित इस नए पुलिस मुख्यालय की लोकेशन शहर में दिल्ली पुलिस के प्रचालन को अच्छी तरह मॉनिटर करने में सहायक है।

ख. महिलाओं की सुरक्षा के लिए योजना (निर्भया निधि से वित्त पोषित):-इस योजना के तहत, बजट अनुमान 2021-22 में नानकपुरा, नई दिल्ली में महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष यूनिट (एसपीयूडब्ल्यूएसी) और पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए विशेष यूनिट (एसपीयूएनईआर) के कार्यालय के लिए नया भवन के निर्माण के लिए 7.61 करोड़ रुपए की राशि आबंटित की गई है। पीड़ित व्यक्तियों विशेषतः महिलाओं, बच्चों और पूर्वोत्तर क्षेत्र के लोगों की सुगमता और उनकी शिकायतों के समय से

Ch. Narayan

और तीव्रगति से निपटान के लिए 'निर्भया निधि' के तहत 23.53 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से एसपीयूएनईआर/एसपीयूडब्ल्यूएसी के नए भवन का अनुमोदन किया गया। नए भवन में महिलाओं और बच्चों के लिए काउंसिलिंग/मेडिटेशन की सुविधाएं आदि प्रदान की जाएंगी। इसमें पूर्वोत्तर क्षेत्र के निवासियों की काउंसिलिंग के लिए सुविधाएं भी शामिल हैं।

*****

Chh Narayan